दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

(Accredited A++ by NAAC)

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

पत्रांक : सम्बद्धता / 2025 / 08 / 7052 दिनांक : 07 / अगस्त / 2024.

सेवा में,

**प्राचार्य / प्रबन्धक,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

**विषयः विद्यार्थियों हेतु विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल एवं महाविद्यालयों में काउन्सिलिंग सेन्टर की स्थापना के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उप–सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या– 922 / सत्तर–4–2025 दिनांक– 04 अगस्त, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक–4791 / सम्बद्धता / 2024 दिनांक– 14.02.2024 द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु वांछित आख्या अद्यतन अप्राप्त है।

मा0 मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या–229 / वी0आई0पी0 / 2025 / मं0उ0शि0 / 2025 दिनांक– 07.07.2025 की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए पत्र में दिये गये निर्देशों के क्रम में विद्यार्थियों हेतु समस्त विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल एवं महाविद्यालयों में काउन्सिलिंग सेन्टर की स्थापना के सम्बन्ध में नियमानुसार अग्रतर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिया गया है तथा कृत कार्यवाही की आख्या भी शासन द्वारा मांगी गयी है।

2. अतः उपरोक्त से अवगत होते हुए शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि उक्त आख्या शासन को प्रेषित की जा सके।

भवदीय

संलग्नक–यथोपरि।

(डी0के0 श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्, लखनऊ।
2– उप–सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3– समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
4– प्रभारी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5– वैय0 सहायक कुलसचिव।

(सी0के0 धीमान)
उपकुलसचिव